>

Title : Regarding renaming of Raipur airport as Swami Vivekanand Airport.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया। महोदया मैं सदन का ध्यान नवोदित छत्तीसगढ़ राज्य के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर ले जाना चाहती हूं। रायपुर एयरपोर्ट छत्तीसगढ़ का एकमात्र एयरपोर्ट है। लेकिन आज तक रायपुर एयरपोर्ट का नामकरण नहीं हुआ है। रायपुर एयरपोर्ट से देश के विभिन्न हिस्सों से आने-जाने वाली घरेलू उड़ानें छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ती हैं। छत्तीसगढ़ की विधान सभा में 11 जुलाई, 2008 को एक अशासकीय संकल्प पारित किया गया था। उस अशासकीय संकल्प के पारित किए जाने के बाद भी आज तक यह विषय केन्द्रीय सरकार के पास लम्बित पड़ा है। यह विषय था, जिसमें इस देश के महान क्रंतिकारी, विचारक, चिंतक और इस देश को विश्व के पटल पर अपनी ओजपूर्ण वाणी से एक स्थान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद के नाम पर रायपुर एयरपोर्ट का नामकरण किए जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव था। मैं आपसे अनुरोध करना चाहती हूं कि सरकार के पास जो यह विषय लम्बित पड़ा है, उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। आपने मुझे समय दिया, उसके लिए धन्यवाद।